प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

विधानसभा सत्र

प्रदेश की 14वीं विधानसभा का बजट सत्र आज से शिमला में शुरू हो गया है। सत्र की शुरूआत दोपहर बाद 2 बजे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के अभिभाषण के साथ हुई। राज्यपाल ने अभिभाषण की कुछ लाइनें पढ़ीं और सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने आप अभिभाषण को पढ़ें और इस पर मनन करें। इसके बाद राज्यपाल ने अपना अभिभाषण समाप्त कर दिया। राज्यपाल ने कहा कि अभिभाषण में पैरा–3 से 16 तक संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ टिप्पणियां हैं जो संवैधानिक मर्यादाओं से परे है। उन्होंने 2 मिनट 45 सैकेंड में ही अपना अभिभाषण समाप्त कर दिया।

सर्वदलीय बैठक

बजट सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें कांग्रेस और भाजपा के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से सदन के सफल संचालन में सहयोग की अपील की। इस बीच सत्र पर अपनी–अपनी रणनीति बनाने के लिए कांग्रेस और भाजपा विधायक दलों की आज सुबह शिमला में अलग–अलग बैठकें हुईं। कांग्रेस विधायक दल की बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने की। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सांसदों को भी आरडीजी के मामले पर केंद्रीय नेताओं से बातचीत करनी चाहिए। दूसरी ओर भाजपा विधायक दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में हुई, जिसमें अनेक ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को सदन में घेरने को लेकर रणनीति तैयार की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी भी सदस्य को ये पता नहीं है कि बजट कब पेश होगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि केवल 3 दिन के सत्र की अधिसूचना ही जारी की गई है।

शोकाद्गार

विधानसभा में आज पूर्व विधायक भगतराम चौहान को श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शोकोद्गार प्रस्तुत किया और उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन भी रखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगतराम चौहान हमेशा ही सामाजिक कार्यों के लिए तत्पर रहते थे और उन्होंने महिलाओं, किसानों व बागवानों के हितों की लड़ाई दलगत राजनीति से ऊपर उठकर लड़ी। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भगतराम चौहान हमेशा किसानों व बागवानों के हितों की पैरवी करते थे और वे भाजपा में विभिन्न पदों पर रहे। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी शोकोद्गार में भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि इसी वर्ष 5 जनवरी को भगतराम चौहान का निधन हुआ था। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

मंडी–शिवरात्रि

मण्डी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव आज से शुरू हो गया है। उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने महोत्सव का शुभारंभ किया। इस मौके पर राजदेवता माधोराय की पहली शाही जलेब यानि शोभा यात्रा निकाली गई। छोटी काशी मंडी में आज आस्था, परंपरा और उल्लास का भव्य संगम देखने को मिला। सदियों पुरानी देव संस्कृति एक बार फिर जीवंत हो उठी, जब पूरा नगर भोलेनाथ के जयकारों से गूंजायमान हुआ। राजदेवता माधोराय की शाही जलेब में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मेले की दूसरी जलेब 19 फरवरी और अंतिम शाही जलेब समापन अवसर पर 22 फरवरी को निकाली जाएगी।

मिड–डे–मील

मिड–डे–मील कर्मचारी यूनियन ने राज्य सरकार से पिछले दिनों कांगड़ा ज़िले के देहरा उपमंडल में मिड–डे–मील महिला कर्मचारी की डियूटी के दौरान की गई हत्या पर गहरा दुख जताया है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप ने नाहन में पत्रकारों से बातचीत में राज्य सरकार से मृतका के परिजनों को आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है।